दिन–मंगलवार दिनांक– 03 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की सहायता के लिए एग्रीश्योर फंड और कृषि निवेश पोर्टल का शुभारंभ किया।

02. विश्व भर के कई देशों से संक्रामक बीमारी मंकी पॉक्स के मामले सामने आने के बाद बिहार में भी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर।

03. केन्द्र सरकार ने समाजिक न्याय सुनिश्चित करने और जीवन यापन सरल बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत श्रमिकों को शामिल करने का निर्णय लिया।

04. और, राज्य सरकार कोल्ड स्टोरेज में सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन के लिए पैंतीस लाख की लागत पर पचास प्रतिशत सहायता अनुदान देगी।

———————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में एग्रीश्योर फंड का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि इस फंड से किसानों को आर्थिक सहायता पहुंचायी जायेगी।

———बाईट———

कृषि मंत्री ने किसानों की सुविधा के लिए कृषि निवेश पोर्टल की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल से किसानों को कृषि संबंधी अद्यतन जानकारी मिल सकेगी।

———बाईट———

———————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने आज कहा कि किसानों को उनके उत्पाद की सुरक्षा के लिए राज्य में मल्टी चैंबर कोल्ड स्टोरेज को बढ़ावा दिया जायेगा। श्री पांडेय ने पटना में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि कोल्ड स्टोरेज में नयी तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके तहत सौर ऊर्जा के उत्पादन के लिए सरकार पैंतीस लाख की लागत पर पचास प्रतिशत सहायता अनुदान दे रही है।

———बाईट———

———————————————————

विश्व भर में कई स्थानों से संक्रामक बीमारी मंकी पॉक्स के मामले सामने आने के बाद बिहार में भी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। पटना और गया एयरपोर्ट पर विदेश से आने वाले यात्रियों की जांच की जा रही है। इसके लिए एयरपोर्ट हेल्पडेस्क भी बनाया गया है। अफ्रीका और संक्रमित देशों से आने वाले लोगों की विस्तृत जानकारी एयर पोर्ट पर ली जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री मंडल पांडेय ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति में संक्रमण जैसे लक्षण दिखे तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिये गये फॉर्म में जानकारी भरवाकर उन्हें पटना एयरपोर्ट से ही एनएमसीएच रेफर कर दिया जायेगा। इसके लिए एनएमसीएच में दस बेड की व्यवस्था की गयी है। मंकी पॉक्स के दौरान लोगों को बुखार, सिरदर्द, थकावट, गले में खरास, खांसी और त्वचा पर लाल निशान जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसके अलावा आंखों में दर्द, या धुंधली दृष्टि, सीने में दर्द और सांस लेने में कठिनाई भी इसके अन्य लक्षण है।

———————————————————————

केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने समाजिक न्याय सुनिश्चित करने और जीवन यापन सरल बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत श्रमिकों को शामिल करने का निर्णय लिया है। श्रमिकों को इस योजना का लाभ देने के लिए सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि प्रवासी श्रमिकों, भवन निर्माण, ठेका मजदूरों और अन्य असंगठित श्रमिकों को आवास योजना में शामिल किया जायेगा। योजना का उद्‌देश्य पात्र लाभार्थियों को दो करोड़ अतिरिक्त घर उपलब्ध कराना है।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सभी शैक्षणिक संस्थानों को बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना चाहिए क्योंकि वे देश के विकास का अभिन्न अंग है। उन्होंने यह बात आज पुणे में सिम्बिओसिस विश्वविद्यालय के इक्कीसवें दीक्षांत समारोह के अवसर पर कही।

———बाईट———

आज हमारी बहनें और बेटियां हर क्षेत्रों में आगे बढ रही हैं। नारी शक्ति का विकास देशवासियों के लिए गौरव की बात है। यह देश के विकास का एक महत्वपूर्ण मापदंड भी है। यह प्रशंसनीय है कि सिम्बिओसिस डीम्ड यूनिवर्सिटी में जेंडर इक्विटी को भी प्राथमिकता दी जाती है। इसलिए मैं सिम्बिओसिस यूनिवर्सिटी की बहुत–बहुत सराहना करती हूं।

———————————————————————

प्रदेश में भाजपा का सदस्यता अभियान आज से शुरू हो गया। इस अभियान के तहत राज्य में एक करोड़ चौवन लाख से अधिक सदस्य बनाये जायेंगे। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर निगरानी टीम को दायित्व सौंपा गया है। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप

जायसवाल ने कहा है कि सदस्यता अभियान केवल सदस्य बनाने के लिए ही नहीं, बल्कि जन–जन तक पहुंचने का अभियान है।

–––बाईट–––

————————————————————————

पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट ने भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा जारी एक कथित नोटिस के बारे में अफवाहों का खंडन किया है कि वह इस महीने के अंत तक सभी बीमा उत्पादों और संशोधन योजनाओं को वापस लेने जा रही है। नकली नोटिस में दावा किया गया है कि संशोधन से प्रीमियम और पॉलिसी के नियमों और शर्तों में बदलाव आएगा। फैक्ट चेक यूनिट ने कहा कि दावा फर्जी है और बीमा एजेंसी की ओर से ऐसा कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है।

————————————————————————

वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत देश भर में अब तक बावन करोड़ से अधिक पौधे लगाये जा चुके हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि यह अभियान मील का पत्थर साबित हुआ है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत की थी।

————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की गतिविधियां कमजोर रही हैं। इस दौरान एक –दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वैशाली के भगवानपुर में सबसे अधिक पच्चीस दशमलव दो मिलीमीट बारिश दर्ज की गयी। वहीं, गोपालगंज जिला प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा जहाँ का अधिकतम तापामन सैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर भाग के एक–दो स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

–––बाईट–––

————————————————————————

पटना, औरंगाबाद, नवादा और शेखपुरा समेत इक्कीस जिलों में सुखाड़ की स्थिति देखी जा रही है। इन जिलों में औसत से उनसठ प्रतिशत कम बारिश हुई जबकि चौदह जिलों में स्थिति सामान्य रह रही है। मात्र तीन जिले पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज और सीवान में सूखे का असर नहीं है। इन तीनों जिलों में सामान्य से साठ

प्रतिशत अधिक तक बारिश हुई है। कृषि विभाग की ओर से राज्य में सुखाड़ के परिस्थितियों के विश्लेषण करने के दौरान ये तथ्य सामने आये हैं।

———————————————————————

पूर्व मंत्री खालिद अनवर अंसारी का आज पटना के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे छियासी वर्ष के थे। स्वर्गीय अंसारी स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व मंत्री स्वगीर्य अब्दुल कय्यूम अंसारी के पुत्र थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य नेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

———————————————————————

बेगूसराय की एक निचली अदालत ने पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर हमले का प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार किये गये मोहम्मद सैफी को आज जमानत दे दी। प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने मामले की सुनवाई के बाद जमानत की स्वीकृति प्रदान की।

———————————————————————

मधुबनी जिला परिषद में इकतीस सदस्यों ने परिषद अध्यक्ष बिंदु गुलाब यादव को पद से हटाने के लिए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन सौंपा है। सदस्यों ने आरोप लगाया है कि वर्तमान अध्यक्ष की ओर से जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा की जाती है और भेदभाव किया जाता है। जिलाधिकारी और उप विकास आयुक्त को दिये आवेदन में इकतीस वार्ड सदस्यों ने बैठक बुलाने और अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा कराने की मांग की है।

———————————————————————

पेरिस पैरालंपिक खेलों के छठे दिन आज निशानेबाजी में अवनी लेखरा पचास मीटर राइफल थ्री पोजिशन एसएच–वन श्रेणी के फाइनल में पहुंच गई हैं। तीरंदाजी में महिलाओं की रिकर्व प्रतिस्पर्धा में पूजा ने क्वार्टरफाइनल में स्थान बना लिया है। अंतिम आठ में उनका सामना चीन की वु चुनियन से होगा। महिलाओं की शॉटपुट में भाग्यश्री जाधव पांचवें स्थान पर रहीं। इसके अलावा पुरूषों की ऊंची कूद के टी–तिरेसठ फाइनल में मरियप्पन थंगावेलु, शैलेष कुमार और शरद कुमार आज अपनी–अपनी चुनौती पेश करेंगे। पदक तालिका में भारत तीन स्वर्ण सहित पन्द्रह पदक लेकर पन्द्रहवें स्थान पर है।

———————————————————————

शिक्षक दिवस पर इस वर्ष राज्य के इकतालीस शिक्षकों को राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने आज सूची जारी कर

दी है। शिक्षक सम्मान समारोह पांच सितम्बर को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित होगा।

———————————————————————

दानापुर रेल मंडल अंतर्गत अशोक धाम स्टेशन पर तकनीकी कार्य के मद्देनजर कई ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। पूर्व मध्य रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार जसीडीह पटना एक्सप्रेस अप तथा डाउन का परिचालन सात सितंबर को रद्द रहेगा। वहीं, किउल गया पैसेंजर अप और डाउन का परिचालन पांच, सात और नौ सितंबर को रद्द रहेगा। वहीं, पटना किउल फास्ट पैसेंजर ट्रेन का आंशिक समापन सात और नौ सितंबर को मोकामा होगा।

———————————————————————

कटिहार जिला सहकारिता पदाधिकारी ने वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में किसानों से धान की खरीदारी कर चावल की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को नहीं करने वाले सात पैक्स अध्यक्षों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की सहायता के लिए एग्रीश्योर फंड और कृषि निवेश पोर्टल का शुभारंभ किया।

02. विश्व भर के कई देशों से संक्रामक बीमारी मंकी पॉक्स के मामले सामने आने के बाद बिहार में भी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर।

03. केन्द्र सरकार ने समाजिक न्याय सुनिश्चित करने और जीवन यापन सरल बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत श्रमिकों को शामिल करने का निर्णय लिया।

04. और, राज्य सरकार कोल्ड स्टोरेज में सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन के लिए पैंतीस लाख की लागत पर पचास प्रतिशत सहायता अनुदान देगी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।